कार्यालय : सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश,

23 एलनगंज, इलाहाबाद, पिन कोडः– 211002

दूरभाष सं0/ फैक्स नं0:– 0532 2466761, 0532 2466769 Website: http:\\examregulatoryauthorityup.in

ई–मेल आई डी:– secretarypnp.up@gmail .com, siseup.alld@gmail.com

विज्ञप्ति

डी0एल0एड0 (बी0टी0सी0) प्रशिक्षण 2017 ऑन–लाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण संस्थान का विकल्प भरने तथा मेरिट/रैंकिग के सापेक्ष आवंटित संस्थान में अभिलेखीय जॉच/प्रवेश की कार्यवाही पूर्ण किये जाने हेतु समय–सारिणी

PHASE – I

डी0एल0एड0 प्रशिक्षण 2016 हेतु निर्गत शासनादेश सं0 804/15–11–2017–2067/2013 एवं कार्यवृत्त/शासनादेश सं0 1408/15–11–2017 दिनांक 17.07.2017 द्वारा शैक्षिक सत्र 2016–17 शून्य किये जाने का निर्णय लिये जाने के उपरान्त **डी0एल0एड0 प्रशिक्षण 2017** हेतु निर्गत शासनादेश सं0 1571/15–11–2017–2067/2013 दिनांक 28.07.2017 के अनुपालन में डी0एल0एड0 प्रशिक्षण 2016 एवं 2017 में ऑन लाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के मेरिट के सापेक्ष प्रशिक्षण संस्थान के आवंटन हेतु संस्थान का विकल्प वेबसाइट updeled.gov.in के माध्यम से भरे जाने हेतु समय–सारिणी निम्नवत् हैं –

क्र0 स0	संस्थान का विकल्प भरने की तिथि	सामान्य रैंक	संस्था आवंटन प्रकाशित होने की तिथि	आवंटित संस्थान में अभिलेखीय जॉच/प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने की तिथि
01	28.08.2017 सायं से 30.08.2017	000001 से 40000 तक	31.08.2017	01.09.2017 से 21.09.2017 तक
02	01.09.2017 से 04.09.2017	40001 से 100000 तक एवं (क्रम सं0 01 के छूटे अभ्यर्थी)	05.09.2017	
03	06.09.2017 से 09.09.2017	100001 से 190000 तक एवं (क्र0सं0 01 व 02 के छूटे अभ्यर्थी)	11.09.2017	
04	12.09.2017 से 15.09.2017	190001 से 300000 तक एवं (क्रसं0 01, 02 एवं 03 के छूटे अभ्यर्थी)	16.09.2017	

नोट –

1. ऑन लाइन आवेदन पूर्ण करने वाले समस्त अभ्यर्थी अपनी मेरिट/रैंकिग वेबसाइट **updeled.gov.in** पर अवलोकित कर सकते हैं इसी वेबसाइट पर प्रदेश के समस्त जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों एवं निजी संस्थानों की सूची तथा उनमें आवंटित सीटों की संख्या (सीट मैट्रिक्स) सहित संस्थानों का विकल्प भरे जाने हेतु विस्तृत दिशानिर्देश उपलब्ध हैं।
2. अभ्यर्थियों की रैंक के अनुसार अभ्यर्थी प्रशिक्षण संस्थान का विकल्प भरने हेतु निर्धारित समयावधि के भीतर वेबसाइट **updeled.gov.in** के माध्यम से संस्थानों का चयन कर लॉक करना सुनिश्चित करें। निर्धारित समयावधि के अंदर संस्थान का विकल्प नहीं भरे जाने पर अभ्यर्थी को **PHASE–I** में कोई अन्य अवसर देय नहीं होगा, **छूटे हुए अभ्यर्थी से तात्पर्य विकल्प न भर पाने वाले अभ्यर्थी से है।**
3. अभ्यर्थी स्वयं अपने स्तर से निर्धारित वेबसाइट के माध्यम से संस्थान का विकल्प चयन (च्वाइस फिलिंग/च्वाइस लॉक) करेंगे। **अभ्यर्थियों के विकल्प चुनने की संख्या पर कोई बाध्यता नहीं है, वह एक बार में ही उपलब्ध समस्त संस्थानों का विकल्प वरीयता क्रम में चुन सकते हैं। जिससे उसकी मेरिट के सापेक्ष चुने हुये विकल्पों में से किसी एक प्रशिक्षण संस्थान का आवंटन किया जा सके।**
3. अभ्यर्थी की मेरिट के अनुसार प्रशिक्षण हेतु आवंटित संस्था में अभिलेखीय जॉच/प्रवेश की कार्यवाही के लिए आवंटन पत्र (Allotment Letter) प्रिंट करने हेतु अभ्यर्थी को रू0 2000 का भुगतान वेबसाइट पर दिये गये SBI Collect Link का प्रयोग कर करना होगा। भुगतान पूर्ण होने के उपरान्त ही अभ्यर्थी प्रशिक्षण संस्थान आवंटन पत्र (Allotment Letter) प्रिंट कर सकेंगे। अभ्यर्थियों द्वारा किये गये भुगतान का समायोजन

Scanned by CamScanner

उनके प्रशिक्षण शुल्क से कर दिया जायेगा। आवंटित प्रशिक्षण संस्थान में अभ्यर्थी के प्रवेश न लेने व किसी भी प्रकार की अभिलेखीय विसंगति पाये जाने पर उक्त शुल्क रू0 2000 किसी भी परिस्थिति में वापस (Refund) नहीं होगा।

4. अभ्यर्थी उक्त आवंटन पत्र के साथ अभिलेखीय जॉच/प्रवेश हेतु निर्धारित तिथि को आवंटित संस्थान में अपने समस्त अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर प्रवेश सम्बन्धित कार्यवाही कराना सुनिश्चित करेंगे।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाइट देखें: updeled.gov.in एवं हेल्प लाइन नं0 0532–2466761, 0532–2466769 एवं ई–मेल आई डी updeled@gmail.com पर सम्पर्क करें।

डॉ0 (श्रीमती) सुत्ता सिंह
सचिव
परीक्षा नियामक प्राधिकारी 27/8/17
उ0प्र0, इलाहाबाद

पृ0सं0/ डी0एल0एड0 2017/ 7085-88 /2017–18 दिनांक 27-8-2017

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. अपर मुख्य सचिव, बेसिक शिक्षा, शिक्षा अनुभाग–11, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उ0प्र0 लखनऊ।
3. निदेशक, एन0आई0सी0, छठॉं तल, योजना भवन, लखनऊ।
4. मुख्य प्रबन्धक, भारतीय स्टेट बैंक गवर्मेन्ट बिजनेस शाखा, लखनऊ।

डॉ0 (श्रीमती सुत्ता सिंह)
सचिव,
परीक्षा नियामक प्राधिकारी उ0प्र0,
इलाहाबाद।

Scanned by CamScanner